# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

- सेमीकॉन इंड़िया दो हजार पच्चीस के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लाएगी।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय ने "आदि वाणी" नाम के भारत के पहले ए.आई–संचालित अनुवाद मंच का बीटा संस्करण लॉन्च किया।
- केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, द्वारा बायोफ्लोक प्रणाली में झींगा पालन पर फील्ड डे का आयोजन किया गया।
- अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में वर्षा का दौर जारी– मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में 'सेमीकॉन इंडिया दो हजार पच्चीस' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुनिया अब भारत पर भरोसा करती है और देश के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। दो हजार इक्कीस से स्वीकृत दस सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में अट्ठारह अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है। पिछली सदी का आकार तेल से बना था, लेकिन भविष्य चिप्स से बनेगा। नोएडा और बेंगलुरु स्थित डिजाइन सेंटर दुनिया के कुछ सबसे एडवांस्ड चिप्स बनाने पर काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में आज से चार सितंबर तक आयोजित हो रहे तीन दिवसीय 'सेमीकॉन इंडिया दो हजार पच्चीस' सम्मेलन का विषय '**बिल्डिंग द नेक्स्ट सेमीकंडक्टर पावर हाउस**' है। यह आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन और वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बीस हजार सात सौ पचास से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, जिनमें अड़तालीस देशों के दो हजार पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि, एक सौ पचास से अधिक वक्ता और पचास ग्लोबल लीडर्स और तीन सौ पचास से अधिक प्रदर्शक शामिल हैं।

<><><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने "आदि वाणी", भारत के पहले ए.आई–संचालित अनुवाद मंच का बीटा संस्करण लॉन्च किया। यह मंच आदिवासी भाषाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन तक पहुंच को बेहतर बनाएगा और समुदायों के बीच संवाद को सुलभ बनाएगा। वर्तमान में संथाली, भीली, मुंडारी, गोंडी, कुई और गारो पर काम जारी है। इसकी विशेषताएं रीयल–टाइम अनुवाद, लोक कथाओं का डिजिटलीकरण, और सरकारी संदेशों का अनुवाद करना है। अनुवाद मंच के बीटा संस्करण में दो हजार सैंतालीस तक बीस लाख आदिवासी नेतृत्वकर्ताओं को सशक्त बनाना भी शामिल है। जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि आदि वाणी आदिवासी समुदायों को डिजिटल रूप से सशक्त करेगा और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखेगा। यह मंच आई.आई.टी दिल्ली और अन्य संस्थानों के सहयोग से विकसित किया गया है। यह कार्यक्रम जनजातीय गौरव वर्ष समारोह के एक भाग के रूप में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली के समरसता हॉल में आयोजित किया गया था।

<><><><><><><>

भा.ज.पा. प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी तीस और इकतीस अगस्त को लिटिल अंडमान के दो दिवसीय दौरे पर रहे। यह उनका पहला दौरा था। उनके साथ पार्टी की उपाध्यक्ष शीला सिंह, वरिष्ठ नेता जी. परमशिवम, के. परमाशिवम, मनिंद्र मंडल, एस.पी. एलंगो सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। दौरे के दौरान चार पंचायतों में कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही दो हजार सत्ताईस के चुनावी लक्ष्य को सफल बना सकती है। भाजपा उपाध्यक्ष शीला सिंह ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला और विशेष रूप से महिलाओं को पार्टी गतिविधियों में अधिक

सक्रियता के लिए प्रेरित किया। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ **"मन की बात"** कार्यक्रम भी सुना। प्रतिनिधिमंडल एक सितंबर को विजयपुरम लौट आया।

**<><><><><><><>**

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने बायोफ्लोक प्रणाली में झींगा पालन पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छब्बीस किसानों ने भाग लिया और बायोफ्लोक तकनीक, जल गुणवत्ता प्रबंधन और आहार रणनीतियों की जानकारी प्राप्त की। संस्थान के निदेशक डॉ. एकनाथ बी.चाकुरकर ने द्वीपसमूह में संसाधनों के सतत उपयोग और नई जलीय कृषि तकनीकों की अहमियत पर जोर दिया।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान में पिछले कुछ महीनों से उत्पादन क्षमता में कमी के कारण विद्युत आपूर्ति की स्थिति खराब हो गई है। विभाग ने इस संकट को देखते हुए उनतीस अगस्त से पन्द्रह दिनों के लिए लोड शेडिंग लागू करने का निर्णय लिया है। यह लोड शेडिंग अस्थायी होगी और तकनीकी कारणों के आधार पर इसकी अवधि तथा समय में बदलाव हो सकता है। लोड शेडिंग का कार्यक्रम दिन, शाम और रात के घंटों में क्षेत्रवार लागू किया जाएगा। सभी सरकारी विभागों, निजी संगठनों और आम जनता से अपील की गई है कि वे इस संकट के दौरान अपनी योजनाओं को समायोजित करें।

**<><><><><><><>**

शिक्षा विभाग द्वारा पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शाम साढ़े चार बजे टैगोर ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम में अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के आयुक्त–सह–सचिव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को मान्यता देना और उन्हें प्रेरित करना है ताकि वे आगे भी अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

**<><><><><><><>**

शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के छात्रों के लिए मुख्य भूमि संस्थानों में बी.एस.सी कृषि, बी.एस.सी बागवानी, बी.एफ.एस.सी और बी.टेक मत्स्य इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग आठ सितंबर को सुबह दस बजे, टैगोर कॉलेज के सभागार, श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ व्यक्तिगत रूप से काउंसलिंग में उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में उपस्थित नहीं होने वाले उम्मीदवारों के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

वन रेंजर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पांच सितंबर रात आठ बजे से चौबीस घंटे के लिए अनुपलब्ध रहेगा। इसका कारण पोर्टल का डोमेन andaman.gov.in से andamannicobar.gov.in में स्थानांतरण है। स्थानांतरण के बाद आवेदन नए erecruitment.andamannicobar.gov.in पर किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त, दो हजार तेईस में आयोजित भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र forest.and.nic.in पर अपलोड किए गए हैं, जो शैक्षिक उद्देश्यों के लिए हैं। अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पोर्टल से संबंधित किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख स्थानों श्री विजयपुरम में उन्नीस दशमलव छ, कार निकोबार में पन्द्रह, मायाबंदर में चार, वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में तीन दशमलव चार, लॉन्ग आइलैंड् में तीन, ननकौड़ी में एक दशमलव दो मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। तीन से छ सितंबर तक अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। मछुवारों को सलाह दी जाती है कि वे गहरे समुद्र में ना जाएं।

**<><><><><><><>**